समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# हर नागरिक की बात सुनना सरकार की प्राथमिकता : सीएम शर्मा

राजेश चौधरी

Published on 04 Feb 2026



राजेश चौधरी | रामगढ़ | समाचार वाणी न्यूज़

मुख्यमंत्री **श्री भजनलाल शर्मा** ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित **नियमित जनसुनवाई कार्यक्रम** में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे देवतुल्य नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान आमजन ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और क्षेत्रीय समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को **त्वरित एवं प्रभावी निराकरण** के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनसमस्याओं का समाधान बिना अनावश्यक विलंब के किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि **#आपणो_अग्रणी_राजस्थान** की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की नीति यह सुनिश्चित करने की है कि **हर नागरिक की बात सुनी जाए और हर समस्या का समाधान समय पर हो**।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे शासन को जमीनी स्तर की वास्तविकताओं को समझने और समाधान निकालने में मदद मिलती है। राज्य सरकार पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन के लिए प्रतिबद्ध है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.